क्रिकेट | स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

# बेथेल किंग डेविड, जेडीए बॉयज और नर्मदा बॉयज की जीत



**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए रोमांचक मुकाबलों में बेथेल किंग डेविड ने जे.एम.सी. सुहागी को, जे.डी.ए. बॉयज ने जी.सी. टाइगर्स को और नर्मदा बॉयज ने हैंग ओवर की टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। इन तीनों ही कड़े मुकाबलों में विजेता टीमों ने अपने बेहतरीन खेल की बदौलत अगले दौर में जगह बनाई। मैदान पर दर्शकों को तीनों मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर और उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

पहले मैच में जे.एम.सी. टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों में 82 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी बेथेल किंग डेविड टीम ने धमाकेदार शुरुआत की और मात्र 8 ओवरों में ही 83 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बेथेल किंग डेविड ने यह मुकाबला 8 विकेट से अपने नाम किया और उत्सव को उनकी बेहतरीन पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं दूसरे मैच में जी.सी. टाइगर्स टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 10 ओवरों में 59 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जे.डी.ए. बॉयज टीम ने बेहद रोमांचक अंदाज में अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर 62 रन बनाकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। जे.डी.ए. बॉयज की ओर से दीपक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंदों पर 26 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत जे.डी.ए. बॉयज अधारताल ने 4 विकेट से जीत दर्ज की और दीपक मैन ऑफ द मैच बने।

## रोहित बने मैन ऑफ द मैच

तीसरे मैच में हैंग ओवर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 10 ओवरों में 82 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इस पारी के दौरान नर्मदा बॉयज के गेंदबाज रोहित ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवरों में महज 7 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। दूसरी पारी में खेलने उतरी नर्मदा बॉयज ने शानदार खेल दिखाते हुए 9.1 ओवरों में 84 रन बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए रोहित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस खेल आयोजन में मुख्य अतिथि आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकारी एम. भट्टाचार्यजी, हेमेंद्र कुशवाहा, विवेक कुरील तथा सुरक्षा कर्मचारी यूनियन की जयश्री ओझा व पलक गुप्ता उपस्थित रहीं। मैच में अंपायर की भूमिका निखिल यादव, कमलेश तिवारी, जसवंत रावत, मुकेश मैडी, दिनेश दास व सुधीर सिंह ने निभाई। कमेंट्री चंद्रमणि मरावी, जितेंद्र पांडे व सुनील खत्री तथा स्कोरिंग अनुज मिश्रा व सुनील यादव ने की। इस अवसर पर यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, जीवन सिंह, दिलीप टेकाम, राम रतन विनोदिया, हनुमान मीणा, कल्याण सिंह धाकड़, आशीष माहोर, अशोक सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नशे का शौक पूरा करने की थी चोरी

**रांझी पुलिस ने नकबजनी की घटना का किया खुलासा**

**चुराए हुए जेवरात, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, पेंचकस जब्त**

**नवभारत,जबलपुर।** रांझी पुलिस ने नकबजनी का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस ने चुराए हुए सोने चांदी के जेवर,घटना में प्रयुक्त स्कूटी , पेंचकस और रॉड जप्त की है। पकड़े गए आरोपी का नाम आदित्य यादव उर्फ गुंडी पिता शंकर लाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी सिंधी कैंप वार्ड नं. 1 कब्रिस्तान के पास सामने आया है। जानकारी के अनुसार विगत 7 मई को सुमित कुमार गुप्ता निवासी जेडीए ऑफिस के पीछे ने रांझी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने सीसी कैमरे के फुटेज खंगाले और फिर आदित्य यादव उर्फ गुंडी पिता शंकर लाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी सिंधी कैंप वार्ड नं. 1 कब्रिस्तान के पास थाना हनुमानताल को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की गई । पूछताछ आदित्य यादव ने चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराये हुये जेवर बगिया टोला में एक टूटे हुये खण्डहर में छुपाना बताया आरोपी की निशादेही पर चुराये हुये सोन के जेवरात जप्त किए। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी आदित्य यादव उर्फ गुंडी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध पूर्व से 15 अपराध पंजीबद्ध है, जो नशे की आपूर्ति हेतु चोरी जैसे अपराध घटित करता है ।

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी वालीबॉल में दिखाई गहरी रूचि

**केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर मशाल परिसर में जारी**



**नवभारत, जबलपुर, 21 मई।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का मशाल परिसर स्थित वालीबॉल कोर्ट नयी संभावनाओं के रूप में उभर रहा है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी वालीबॉल में गहरी रूचि दिखायी है।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम व अन्य पदाधिकारियों ने वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने के पश्चात संभावना व्यक्त की कि परिषद के तत्वावधान में लगातार 13वीं बार आयोजित वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर में 15 लड़के-लड़कियों के शामिल होने से सभी लोग उत्साहित हैं।

### लड़कियों ने वालीबॉल के प्रति दिखाया उत्साह

शिविर में शामिल हुईं चार लड़कियों ने वालीबॉल खेलने के प्रति उत्साह दिखाया है, जो कि इस खेल के प्रति शुभ संकेत है। परिषद के महासचिव ने कहा कि निश्चित रूप से इस प्रशिक्षण शिविर से कुछ ऐसे खिलाड़ी उभरेंगे, जो राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत परिवार का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### फिजिकल फिटनेस से होती है शुरूआत

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वालीबॉल प्रभारी प्रतीक शर्मा, अवधेश पटेल, दीपक साहू व विजेन्द्र नागले शिविर में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं और अपने अनुभव से नवोदित खिलाड़ियों को मांज रहे हैं। प्रशिक्षक प्रतिदिन नवोदित खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस से शुरुआत करवाते हैं। शिविर में स्टेमिना व फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## आत्मविश्वास बढ़ाने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

फिजिकल फिटनेस के पश्चात खिलाड़ियों को कोर्ट में सर्विस, अंडर हैंड, फिंगर, प्लेसिंग, बूस्टिंग, स्मैशिंग का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। शिविर के दौरान खिलाड़ियों के मध्य मैच का आयोजन कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नवोदित खिलाड़ियों ने शिविर को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उनके खेल में पूर्व की तुलना में ज्यादा सुधार व आत्मविश्वास आया है।

# जनेकृविवि की क्रॉप क्वालिटी लेबोरेटरी को मिली एनएबीएल मान्यता



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। विश्वविद्यालय की क्रॉप क्वालिटी लेबोरेटरी को नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए. के. जैन और अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन के साथ-साथ विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभा उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में यह बड़ी उपलब्धि अर्जित की गई है। इस प्रयोगशाला के एक्रीडिटेशन की प्रक्रिया मार्च महीने में सफलतापूर्वक मूल्यांकन के साथ शुरू हुई थी, जिसके बाद तकनीकी मानकों और परीक्षण प्रक्रियाओं की गहन जांच के बाद यह प्रमाण पत्र जारी किया गया है। कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने इस गौरवपूर्ण सफलता पर पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी तकनीकी उत्कृष्टता के नए सोपान तय करने की बात कही है।

यह राष्ट्रीय प्रमाणन इस बात की पुष्टि करता है कि इस प्रयोगशाला में फसलों, खाद्य सामग्री और कृषि उत्पादों की जांच पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मानकों के तहत वैज्ञानिक सटीकता के साथ की जा रही है। एनएबीएल भारत सरकार के गुणवत्ता परिषद (क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया) के अंतर्गत काम करने वाली एक शीर्ष संस्था है, जो प्रयोगशालाओं की तकनीकी क्षमता और दक्षता का कड़ा मूल्यांकन करने के बाद ही मान्यता प्रदान करती है। इस मान्यता के बाद अब यह पूरी तरह तय हो गया है कि संबंधित लैब में सारा काम प्रशिक्षित विशेषज्ञों, आधुनिक उपकरणों और मानकीकृत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के जरिए हो रहा है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब इस प्रयोगशाला से जारी होने वाली सभी टेस्ट रिपोर्ट्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी मान्यता और विश्वसनीयता मिलेगी।

## संपूर्ण टीम को दी गई बधाई

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस शानदार उपलब्धि को विभाग की तकनीकी उत्कृष्टता, वैज्ञानिक गुणवत्ता, समर्पण एवं टीमवर्क का सुखद परिणाम बताते हुए खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संपूर्ण टीम को बधाई दी है। इस विशेष अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर.शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, लेखानियंत्रक संजू तिवारी, उप लेखानियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, तकनीकी अधिकारी इंजी. शरद जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

# भीषण गर्मी में पार्षद मुकीमा की भूख हड़ताल रंग लाई

**नगर निगम ने दिया उचित आश्वासन, हड़ताल खत्म**



**नवभारत,जबलपुर।** झुलसा देने वाली भीषण गर्मी में जनता की समस्याओं को लेकर भूख हड़ताल पर डटीं डॉ. ज़ाहिद हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा व उनके पति याकूब अंसारी ने गुरूवार को अनशन तोड़ दिया है। दमोह नाका जोन में अनशनरत पार्षद दम्पत्ति अपने वार्ड एवं मुस्लिम इलाकों की बदहाली को लेकर मंगलवार से भूख हड़ताल शूरू की थी। गुरूवार को ही पार्षद दम्पत्ति ने धमकी दी थी कि 24 घण्टे के भीतर समस्याओं के समाधान का ठोस आश्वासन नहीं मिले तो अन्न् के बाद जल भी त्याग देंगे. इस धमकी का असर हुआ। गुरूवार की शाम नगर निगम के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के साथ अनशन स्थल पर पहुँचे और पार्षद को इस बात का भरोसा दिलाया कि नगर निगम प्रशासन ने उनकी सभी मांगो को मान लिया है जिन पर जल्द ही क्रियान्वयन किया जाएगा। निगम अधिकारियों की ठोस पहल के बाद अनशन समाप्त कर दिया गया है।

### जनता के लिए जान देने तैयार हूं: मुकीमा याकूब अंसारी

तीन दिन से अन्न त्यागने के कारण पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी की हालत ठीक नहीं है. निगम प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को मान लिए जाने के भरोसे के बाद उन्होंने भूख हड़ताल तो खत्म कर दी है, लेकिन इस बात को दोहराया है कि वादे के मुताबिक जन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जनता के लिए वह हर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं चाहें उन्हें जान क्यों ना देना पड़े।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**नवभारत,जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत ग्राम बैहर फोर लाइन चौराहा के पास अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से 55 वर्षीय रमेश कुशवाहा की मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पनागर पुलिस ने बताया कि रमेश कुशवाहा गुरूवार सुबह ग्राम बैहर फोर लाइन चौराहा के पास पैदल जा रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई।

# तिलहरी क्रीड़ा परिसर में प्रवेश 15 जून तक

**नवभारत,जबलपुर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा तिलहरी में संचालित विशिष्ट क्रीड़ा परिसर में सत्र 2026-27 हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से 15 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र विशिष्ट क्रीड़ा परिसर तिलहरी जबलपुर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित परिसर कार्यालय में ही जमा कर सकते हैं।

जनजातीय विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु नवीन प्रवेश पात्रता परीक्षा 24 एवं 25 जून को प्रातः 8 बजे से शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं टैलेंट सर्च के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदक का अनुसूचित जनजाति वर्ग से होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ उन्हेंर जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। विशिष्ट क्रीड़ा परिसर में मिनी वर्ग में 11 से 14 वर्ष तथा सीनियर वर्ग में 16 से 18 वर्ष आयु के विद्यार्थी पात्र होंगे। आयु 31 दिसंबर 2026 की स्थिति में मान्य होगी। इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी के लिए श्रुति राय से मोबाईल नंबर 9424913128, संदीप वर्मा से मोबाईल नंबर 7000132216 तथा दिलीप मिश्रा से मोबाईल नंबर 9424341021 से संपर्क कर सकते हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

**वाणिज्य विभाग, जबलपुर मण्डल**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित आवेदन आमंत्रित करता है।, **Category-** Commercial Plot Allotment-, **Notification No. & Date:** पत्र क्र./जबल/वा/285/वाणिज्य भूखण्ड/2026-27/E-314530 दिनांक 15.02.2026, **Notification Details:** जबलपुर मंडल के बुधवार (BGWR) स्टेशन में वाणिज्य भूखंडों के आवंटन हेतु, **Application to Be Submitted From:** 15.05.2026 **Application to Be Submitted Upto:** 04.06.2026, **Earnest Money Deposite Amount :** 1,00,000/- for 1-10 Plots 2,00,000/- for up to 10 Plots.

हस्ता.

सहायक वाणिज्य प्रबंधक,

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

संगोष्ठी | कांग्रेस को राजीव गांधी के दिखाए मार्ग पर चलकर चुनौतियों का सामना करें

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि संगोष्ठी आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 21 मई को संस्कारधानी जबलपुर के ज्योति टॉकीज नौदरा ब्रिज स्थित स्व. राजीव गांधी की विशाल प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि संगोष्ठी आयोजित की गई।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव ने कहा कि देश वर्तमान समय में नाजुक दौर से गुजर रहा है। कांग्रेसजनों को स्व. राजीव गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलकर चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे आना होगा। जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने स्व. राजीव गांधी की जबलपुर यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि 8 मई 1991 को जबलपुर में खुले वाहन से उनके भ्रमण के दौरान उन्हें निकट से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसकी यादें आज भी उनके मन में जीवंत हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने संगोष्ठी में कहा कि आधुनिक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के कार्यों एवं संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे समय में समस्त कांग्रेसजनों को एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आना होगा। संगोष्ठी सभा का संचालन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज नामदेव द्वारा किया गया। अंत में स्व. राजीव गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

### ये रहे उपस्थित

संगोष्ठी कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर महासचिव मनोज नामदेव, पार्षद गुड्डू नबी, झल्लेलाल जैन, विवेक अवस्थी, सबरजीत सिंह रील, भगत राम सिंह, अनुराग गढ़वाल, राकेश विश्वकर्मा, रवि शर्मा, विकास जाट, अनिल गुप्ता सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## प्रार्थना सभा में दी गई श्रद्धांजलि



भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री राजीव गाँधी जी की 35वीं पुण्यतिथि पर निष्ठावान कांग्रेस नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण स्मर्ण एवं विनम्र श्रद्धांजली बादशाह हलवाई मंदिर स्थित चंडी माता मंदिर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस वक्तओं ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता और प्रगति के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हम सभी देशवासियों के लिए सदैव वंदनीय रहेगा। श्रद्धांजलि प्रार्थना सभा में मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, ठा उमेन्द्र सिंह पिंकी, सुरेश हिरस्कर, शशांक यादव, सरोज कांडा, कृष्ण गोपाल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं संगीता कटरे पति सुरजीत सिंह कटरे निवासी प्लाट नंबर 58, नेशनल हाउसिंग सोसाइटी रामपुर छापर जिला जबलपुर म.प्र. पिनकोड 482001, शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि विवाह पूर्व मेरा नाम संगीता ठाकुर पिता श्री गंगा प्रसाद ठाकुर निवासी पोस्ट, अरी, तहसील वरघाट, जिला सिवनी म.प्र. पिनकोड 480771 था, दिनांक 10.06.2015 को मेरा विवाह सुरजीत सिंह कटरे के साथ हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुआ। विवाह पूर्व मेरा नाम संगीता ठाकुर पिता गंगा प्रसाद ठाकुर था विवाह पश्चात् मेरा नाम संगीता कटरे पति सुरजीत सिंह कटरे हो गया है जो कि मेरे आधारकार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। यह कि संगीता ठाकुर एवं संगीता कटरे दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ती के ही नाम है। अतः मेरे सभी शासकीय, अशासकीय, व्यक्तिगत एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम संगीता कटरे पति सुरजीत सिंह कटरे दर्ज किया जावे तथा मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, लिखा एवं पढ़ा जावें।

**पुराना नाम- संगीता ठाकुर**
**नया/ सही नाम - संगीता कटरे पति सुरजीत सिंह कटरे**

**छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)**

रा.व.अनु.एवं प्रशि.सं.परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड जीरो पाइंट, रायपुर, छ.ग. 493111, दूरभाष : 0771-2283249

वेबसाइट : www.cgcert.com

ई-मेल: cgcert@gmail.com

पत्र कमांक/सीजीसर्ट/164/04 रायपुर, दिनांक 21/05/2026

**निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजनाओं के कार्य संपादन अंतर्गत इम्पैनलमेंट के संबंध में विज्ञापन सूचना**

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) एक जैविक प्रमाणीकरण संस्था है, जो राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एन.पी.ओ.पी) अंतर्गत राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, (एन.ए.बी) नई दिल्ली से प्रत्यायित है. सीजीसर्ट रायपुर संस्था में निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजना कार्यों के कुशल संचालन हेतु इम्पैनलमेंट आधार पर अनुबंध आधारित प्रमाणीकरण परियोजनाओं के उपलब्धता आवश्यकतानुसार कार्यों के संपादन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है. इच्छुक योग्य अभ्यर्थी संस्था की वेबसाइट www.cgcert.com का अवलोकन कर दिशा-निर्देश अनुसार निर्धारित प्रपत्र में ई-मेल cgcert@gmail.com के माध्यम से दिनांक 30.5.2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

47897/3 छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) रायपुर, छत्तीसगढ़